सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 62 | इंदौर, गुरुवार 07 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline



1. ASEAN: जकार्ता में PM मोदी को देखने उमड़ी भारी भीड़, 'वी लव मोदी' के नारों से गूंज उठा शहर



2. Rahul Gandhi: 'यात्रा जारी है, जब तक नफरत खत्म नहीं हो जाती', राहुल गांधी ने देश की जनता से किया ये वादा



3. G-20: अफ्रीका के लिए पीएम मोदी के इस प्रस्ताव की अमेरिकी गायिका ने की तारीफ, बोलीं- अमेरिका भी करे समर्थन
4. UK: PM सुनक बोले- मुझे हिंदू होने पर गर्व, मेरा भारतीयों से हमेशा जुड़ाव रहेगा



इंदौर के खजूरी बाजार स्थित यशोदा माता मंदिर में आज सुबह श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम भक्ति में डूबे श्रद्धालु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर/उज्जैन। भगवान महाकाल की नगरी और भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन के साथ मां अहिल्या की नगरी इंदौर में जन्माष्टमी का पर्व दो दिन तक मनाया जाएगा। बुधवार आधी रात में अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र होने से महाकाल मंदिर, सांदीपनि आश्रम और गोपाल मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।

सांदीपनि आश्रम और गोपाल मंदिर?? पर आकर्षक साज-सज्जा की गई है। दोनों मंदिर रंग बिरंगी रोशनी से नहा उठे है। यहां दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भजन-कीर्तन का दौर चल रहा है।

उज्जैन के श्री द्वारकाधीश गोपाल मंदिर पर भी दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े हैं। यहां शाम छह बजे से भगवान श्री द्वारकाधीश का पंचामृत अभिषेक पूजन करने के बाद अलौकिक श्रृंगार किया गया। मध्य रात्रि में भगवान की आरती के बाद जमकर आतिशबाजी की गई। इस बार दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मंदिर के बाहर एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है।

भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली सांदीपनि आश्रम में भी श्रद्धा और उत्साह से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर की साज-सज्जा इस बार भुट्टे और नींबू से की गई है। मंदिर के पुजारी पंडित रुपम व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की पाठशाला में शैव मत के अनुसार जन्माष्टमी मनाने की परंपरा है।

आश्रम की महिला मंडल की तैयार की गई मखमल की पोशाक भगवान को धारण कराई गई। अभिषेक पूजन के बाद मध्य रात्रि 12 बजे जन्म आरती की गई। गुरुवार सुबह भगवान लड्डू गोपाल को पालना में झुलाया जाएगा। दिनभर पंजीरी प्रसाद का वितरण होगा।

महाकाल मंदिर में संध्या आरती के पहले बाल गोपाल का पूजन किया

श्री महाकालेश्वर मंदिर में भी बुधवार को जन्माष्टमी मनाई गई। महाकाल मंदिर में संध्या आरती के पहले मंदिर के पुजारियों ने मंदिर के नैवेद्य कक्ष में भगवान बाल गोपाल की पूजा-अर्चना कर भोग अर्पित किया। वहीं मंदिर परिसर में स्थित श्री साक्षी गोपाल मंदिर में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

# गहराया बिजली संकट गहराया : 4 बिजली घरों की 1745 मेगावाट की यूनिट बंद, अब 600 मेगावाट बिजली खरीदेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। इन दिनों एक बार फिर से प्रदेश में बिजली संकट गहराने लगा है। चुनावी साल में बिजली संकट के चलते सरकार हर हाल में किसी भी तरह से बिजली का आपूर्ति बनाए रखना चाह रह है, जबकि बारिश न होने से उत्पादन कम है। सिंचाई के लिए किसानों को डिमांड के मुताबिक बिजली नहीं मिल पा रही है। इस संकट की एक बड़ी वजह चार बिजली घरों की 1745 मेगावाट क्षमता की यूनिटों का मेंटेनेंस के कारण बंद होना भी हैं। इस बीच वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 600 मेगावाट बिजली खरीदने की तैयारी की है।

सरकार ने बिजली खरीदने के लिए ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे को दिल्ली भेजा था। देश भर में संकट के चलते फिलहाल कहीं से बिजली नहीं मिल सकी है। दूसरी ओर, वेस्टर्न रीजन के लोड डिस्पैच सेंटर की रिपोर्ट में प्रदेश के चार बिजली घरों की यूनिट का जिक्र किया गया है। वेस्टर्न रीजन में सेंट्रल सेक्टर से 3270 मेगावॉट और स्टेट सेक्टर से 4522 मेगावॉट बिजली उत्पादन नहीं होना बताया गया है। इन बिजली घरों की चार यूनिट्स के 10 सितंबर से 18 अक्टूबर तक ठीक होने की संभावना व्यक्त की गई है। संजय दुबे का कहना है, उपभोक्ताओं को दिक्कत नहीं होने देंगे।

निजी क्षेत्र के तीन बिजली घरों की भी 1305 मेगावाट क्षमता की यूनिट बंद हैं। इनमें से पावर हाउस की यूनिट बॉयलर ट्यूब लीकेज के कारण बंद होना बताया गया है।

# मेट्रो प्रोजेक्ट : सभी कोच लंदन और सिंगापुर स्तर के

## सीएम 14 को इंदौर और 20 सितम्बर के बाद भोपाल में मेट्रो ट्रायल रन का शुभारंभ करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रात-दिन मेट्रो प्रोजेक्ट को समय सीमा में पूरा करने का काम चल रहा है। खासकर अभी प्रायोरिटी कॉरिडोर पर होने वाले ट्रायल रन की जोर-शोर से तैयारी चल रही है। भोपाल में 15 सितंबर तक मेट्रो ट्रेन के कोच आ जाएंगे, वहीं जो तीन कोच वाली पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर पहुंची, उसे ट्रायल रन के लिए तैयार किया जा रहा है। इंदौर-भोपाल के मेट्रो प्रोजेक्ट में कुल 156 कोच दौड़ेंगे, जिसके निर्माण और संचालन-संधारण का ठेका जानी-मानी एल्सटॉम इंडिया को दिया गया है।

बताया गया है की 3248 करोड़ के इस ठेके में कोच निर्माण के साथ संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण सिग्नलिंग प्रणाली और 15 साल तक कोच का रख-रखाव भी शामिल है। इसी कम्पनी द्वारा लंदन, सिंगापुर, स्टॉक होम में भी कोच तैयार कर दिए गए हैं। यानी, उसी अंतरराष्ट्रीय स्तर के अत्याधुनिक कोच इंदौर-भोपाल में भी दौड़ेंगे और वायरस फ्री भी रहेंगे।

### ट्रायल रन की चल रही है रात-दिन तैयारियां

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान संभवतः 14 सितम्बर को इंदौर में और फिर 20 सितम्बर के बाद भोपाल में मेट्रो ट्रायल रन का शुभारंभ करेंगे। इन दिनों इंदौर में ट्रायल रन की रात-दिन तैयारी चल रही है। गुजरात के सावली से अभी पिछले हफ्ते ही पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर पहुंची। इंदौर में कुल 25 ट्रेन सेट और भोपाल में 27 ट्रेन सेट के निर्माण का जिम्मा एल्सटॉम इंडिया को सौंपा गया है, जो अत्याधुनिक रोलिंग स्टॉक मैन्युफेक्चरिंग में माहिर है और मोविया मेट्रो नवीनतनम तकनीक से लैस है। एल्सटॉम और मोविया ने ही विश्व स्तर की मेट्रो ट्रेन दिल्ली, चेन्नई, मुंबई, लखनऊ, कोच्ची से लेकर विदेशों में सिडनी, क्विंसलैंड और मोंट्रियल में तो दी ही है, वहीं लंदन स्टॉक होम, सिंगापुर में भी कुशल परिचालन कर रही है।



### पर्यावरण अनुकुल डिजाइन पर जोर

बताया गया है की ये वातानुकुलित कोच इस तरह से विकसित किए गए हैं कि इसमें कोरोना जैसे वायरस भी निष्प्रभावी हो जाते हैं और खतरनाक पदार्थों को खत्म करने के साथ पर्यावरण अनुकुल डिजाइन पर जोर दिया गया है। रीजनरेटिंग ब्रेकिंग सिस्टम भी इन ट्रेनों में रहेगा और स्मार्ट लाइट के जरिए ऊर्जा बचत भी होगी। संकट के समय ट्रेन ऑपरेटर और नियंत्रण केन्द्र के साथ एक प्रत्यक्ष संचार चैनल भी शामिल रहेगा और सीसीटीवी की सुविधाएं भी इतनी अत्याधुनिक है कि किसी भी व्यक्ति विशेष की खोई हुई वस्तु की पहचान की जा सकेगी।

### विकलांग व्यक्तियों के लिए विशेष सुविधा

एक विशेष सुविधा के तहत विकलांग व्यक्तियों के लिए भी व्हील चेयर वाला स्थान रहेगा। एल्स्टॉम इंडिया कोच निर्माण के साथ-साथ सिग्नलिंग प्रणाली का भी जिम्मा संभालेगा और 7 साल तक ट्रेन नियंत्रण और दूरसंचार प्रणालियों की स्थापना और उनकी देख-रेख करेगा। इतना ही नहीं, जो कोच निर्मित किए गए हैं उनके भी संचालन, संधारण की जिम्मेदारी 15 साल तक रहेगी। आगरा-कानपुर मेट्रो प्रोजेक्ट के साथ एल्स्टॉम इंडिया को इंदौर-भोपाल को यह दूसरा बड़ा 3248 करोड़ रुपए का ठेका मिला है, जिसने पिछले दिनों इंदौर में पहले ट्रेन सेट की सफलतापूर्वक डिलीवरी भी कर दी, जिसे साढ़े 14 महीने के रिकॉर्ड समय में निर्मित किया गया।

# निगम को फिर मिले निर्देश, लाडली बहनों को इकट्ठा करो

## फिर जगह-जगह कार्यक्रम कर सुनाओ मुख्यमंत्री का भाषण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राज्य सरकार की ओर से इंदौर नगर निगम को फिर से निर्देश मिल गए हैं। इस बार भी कहा गया है कि 10 तारीख को लाडली बहनों को इक_ा करो। एक बार फिर कार्यक्रम का आयोजन होगा और इन सभी बहनों को मुख्यमंत्री का भाषण सुनाया जाएगा।**

राज्य सरकार के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए लागू की गई लाडली बहन योजना के अंतर्गत सभी बहनों को पिछले दो माह से 1000 प्रति माह दिए जा रहे हैं। हाल ही में रक्षाबंधन के मौके पर मुख्यमंत्री के द्वारा इस राशि में 250 रुपए की वृद्धि की गई है। हर महीने की 10 तारीख को सभी बहनों के लिए यह राशि जारी की जाती है। इसके लिए हर महीने की 10 तारीख को प्रदेश के किसी ने किसी शहर में कार्यक्रम का आयोजन होता है। जहां पर की कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं पहुंचते हैं। इस कार्यक्रम का पूरे प्रदेश में सीधा प्रसारण किया जाता है। उसे प्रसारण के लिए नगर निगम के माध्यम से हर शहर में अनेक स्थानों पर बहनों को इक_ा करने और उन्हें कार्यक्रम सनवाने का काम किया जाता है।

### एलईडी लगाकर सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाए

बताया गया है की इस महीने भी 10 सितंबर को कार्यक्रम का आयोजन होना है। इस कार्यक्रम के मध्य नजर कल भोपाल से नगरी प्रशासन विभाग के द्वारा इंदौर नगर निगम को यह निर्देश भेज दिए गए कि शहर के सभी 19 जोनल कार्यालय के क्षेत्र में एलईडी लगाकर इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान लाडली बहन योजना का लाभ प्राप्त करने वाली बहनों को इक_ा कर कार्यक्रम में लाया जाए। यह व्यवस्था की जाए कि यह सभी बहने मुख्यमंत्री का भाषण सुने। भोपाल से कल यह निर्देश आने के बाद नगर निगम अब अब 10 तारीख को 19 स्थान पर इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की तैयारी करने में लग गया है।

## बिजली कंपनी के एमडी ने किया ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिटों का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक (एमडी) अमित तोमर ने बुधवार को देवास जिले के बागली और कन्नौद क्षेत्र का दौरा किया। श्री तोमर ने बागली और कन्नौद डिविजन के कार्यपालन यंत्रियों से क्षेत्र के ट्रांसफार्मरों के लिए बनी लोकल रिपेयरिंग यूनिटों की जानकारी ली। इन रिपेयरिंग यूनिटों का संचालन गुणवत्ता, प्रक्रिया से करने एवं दैनिक एक/दो ट्रांसफार्मर रिपेयर करने के निर्देश दिए। श्री तोमर ने उपभोक्ता सेवाओं के प्रति गंभीरता से कार्य करने को कहा। केंद्रीयकृत शिकायत प्रकोष्ठ ऊर्जस, 1912 के साथ ही लोकल शिकायत निवारण के प्रति सचेत रहने के निर्देश दिए। एमडी श्री तोमर ने आरडीएसएस के ग्रिडों गोदना (बागली) एवं तिवड़िया (कन्नौद) का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर देवास के अधीक्षण यंत्री श्री आरसी जैन, कार्यपालन यंत्री श्री आरपी सिंह, श्री विनित ठाकुर, श्री गौरव सोनी आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## 12 लाख की वसूली के लिए ट्रस्ट का ऑफिस सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के जोन क्रमांक 3 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल निकम ने संपत्ति करके बकाया 12 लाख रुपए की वसूली करने के लिए लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट के गंजी कंपाउंड स्थित कार्यालय को आज सुबह सील कर दिया। इस कार्यालय को सील करने के पहले नगर निगम के द्वारा इस ट्रस्ट के पदाधिकारी को बकाया राशि जमा करने के लिए चेताया गया था। इसके बावजूद जब राशि जमा नहीं हुई तो निगम की टीम ने आज सुबह जाकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

## कटाक्ष




# इंदौर को सोलर सिटी बनाने के लिए निगम ने शुरु की तैयारियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर नगर निगम को इंदौर सोलर सिटी प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के इंदौर आने का इंतजार है। आने वाले दिनों में इंदौर विकास प्राधिकरण के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जब मुख्यमंत्री इंदौर आएंगे तो उसके साथ ही नगर निगम का सोलर सिटी पोर्टल लॉन्च किया जाएगा।

मध्य प्रदेश की पहली सोलर सिटी के रूप में सांची को आज लॉन्च किया गया। जब सांची की इस सफलता का ढोल मध्य प्रदेश में बजने लगा तो इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा इंदौर को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल की गई। उन्होंने सबसे पहले इंदौर शहर के नगर निगम के सारे बगीचों में सोलर पर आधारित प्रकाश की व्यवस्था करने और नगर निगम की सीमा में शामिल किए गए ग्रामीण क्षेत्र में सोलर पर आधारित हाई मास्ट लगाने का फैसला लिया। इसके साथ ही यह तय किया गया कि शहर के सभी 85 वार्ड में से हर वार्ड में एक कॉलोनी में सोलर के प्रकाश की व्यवस्था की जाए। इस कॉलोनी के हर घर में सोलर पैनल लगाया जाए। यह कार्य कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों के द्वारा स्वयं ही अपने घरों में कराया जाए। इसके लिए नगर निगम की ओर से उन्हें वेंडर उपलब्ध कराया जाए जो की केंद्र सरकार की योजना के अनुसार सब्सिडी देखकर सोलर पैनल लगाने का काम करें।

**सोलर सिटी पर निगम ने तैयार किया पोर्टल-** इस कार्य को अंजाम देने के लिए नगर निगम के द्वारा इंदौर सोलर सिटी पर फोकस किया हुआ एक पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल पर अपना पंजीयन करने वाले नागरिकों को सारी जानकारी मिल जाएगी और ऐसे सारे वेंडर के नाम, पते और फोन नंबर भी मिल जाएंगे। इस पोर्टल की लांचिंग के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के इंदौर आगमन का इंतजार किया जा रहा है। जब चौहान इंदौर की यात्रा पर आएंगे तो उनके द्वारा इस पोर्टल को लांच कर दिया जाएगा।

**सीएम से मांगा समय-** बताया गया है की आने वाले दिनों में इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल के लोकार्पण समारोह के लिए भी मुख्यमंत्री से वक्त मांगा गया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जब मुख्यमंत्री आएंगे तब उनके द्वारा नगर निगम के इस पोर्टल को भी लॉन्च कर दिया जाएगा।

# रहवासियों ने बताई लिफ्ट और ड्रेनेज की समस्याएं

## आवास इकाई का शेष कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत दुधिया के पास स्थित नीलगिरी परिसर में आवास इकाई का निगम कमिश्नर हर्षिका सिंह ने निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अधीक्षण यंत्री श्री महेश शर्मा, समन्वय श्रीमती संतोषी गुप्ता, कंसलटेंट श्री हितेन्द्र मेहता, निर्माणकर्ता एजेंसी के प्रतिनिधि व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।**

आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित नीलगिरी परिसर के आवास का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा आवासीय इकाई के प्रथम मंजिल पर जाकर निर्माणधीन आवास का अवलोकन किया गया तथा शेष रहे फिनिशिंग कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान नीलगिरी परिसर में कुल 19 ब्लॉक आवासीय इकाई में से 16 ब्लॉक आवासीय इकाई का निर्माण किया गया है, शेष 03 ब्लॉक का निर्माण की धीमी गति होने पर संबंधित निर्माणकर्ता एजेंसी के प्रतिनिधि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, कार्य में तेजी लाने के साथ ही गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

### रहवासी बोले लिफ्ट काफी समय से बंद है

इसके साथ ही आयुक्त श्रीमती सिंह द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की निर्मित इकाईयों में निवासरत रहवासियों से भी चर्चा की गई, रहवासियों ने बताया कि लिफ्ट वर्तमान में संचालित नही कि जा रही है, जलप्रदाय के साथ ही डैःनेज की समस्या से अवगत कराया गया, इस पर आयुक्त द्वारा संबंधित एजेंसी को लिफ्ट संचालन करने, परिसर में सफाई व्यवस्था के साथ ही जलप्रदाय कार्य व डेज्नेज समस्या का निपटान करने के निर्देश दिये गये।

### हर रविवार को शिविर लगाने के निर्देश

प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर हुई अफसरों की समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त हर्षिका सिंह ने अफसरों से कहा की वे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के विभिन्न स्थानो पर निर्माणधीन आवास इकाईयों पर शिविर लगाए। बैठक में शिवालिक परिसर दुवगुराडिया, नीलगिरी परिसर सनावदिया दुधिया, नर्मदा परिसर बडा बांगडदा, सतपुरा परिसर बडा बांगडदा, पलास परिसर राउ व अन्य आवासीय इकाई, अरावली परिसर भूरी टेकरी व अन्य निर्माणधीन आवास इकाई की विभागीय समीक्षा की गई। इस मौके पर अफसरों को बताया की वे जानकारी एकत्र करे की प्रत्येक परिसर में कितने आवास का निर्माण किया गया है, कितने आवास का निर्माण शेष है, कितने परिसरो में नागरिका निवासरत है। प्रकाश, सीवरेज, पेजलय तथा सफाई व्यवस्था की क्या स्थिति है।

## दूरदर्शन केन्द्र में हिन्दी पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

**इन्दौर।** हिन्दी दिवस समारोह के तहत आज दूरदर्शन केन्द्र इन्दौर में होने वाले हिन्दी पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ हुआ। दूरदर्शन इन्दौर के केन्द्र प्रभारी उपनिदेशक विवेक कस्तुरे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिन्दी पखवाड़े के शुभारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर महानिदेशक दूरदर्शन ने हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर जारी अपील का वाचन भी किया। उन्होंने केन्द्र द्वारा हिन्दी में किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र द्वारा 90 प्रतिशत से ज्यादा कार्य हिंदी में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दूरदर्शन केन्द्र इंदौर में हिन्दी में प्रवीणता से कार्य करने वाले अधिकारीगण अन्य केंद्रों पर भी कार्यशाला लेने हेतु नामित किये जा रहे हैं। समारोह के अतिथी प्रोफेसर डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव थे।

### दत्तक ग्रहण आदेश जारी करने की सरल प्रक्रिया के मिले बेहतर परिणाम

# नए रेगुलेशन से इंदौर में 40 दत्तक ग्रहण आदेश हुए जारी

### प्रदेश में सर्वाधिक दत्तक ग्रहण आदेश पारित करने वाला जिला बना इंदौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। केन्द्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण संसाधन नई दिल्ली द्वारा जारी नवीन रेगुलेशन 2022 अनुसार दत्तक ग्रहण आदेश जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाये जाने हेतु दत्तक ग्रहण आदेश जारी किये जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट को अधिकार स्थानांतरित किये गये हैं।**

पूर्व में दत्तक ग्रहण आदेश जिला एवं सत्र न्यायालय से पारित किये जाते थे। केन्द्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण संसाधन नई दिल्ली द्वारा जारी नवीन रेगुलेशन 2022 जो सितम्बर 2022 से पूरे देश में लागू किया गया है। नवीन रेगुलेशन 2022 लागू होने उपरांत इंदौर जिले में कुल 40 दत्तक ग्रहण आदेश कलेक्टर द्वारा अनुमोदित एवं अपर कलेक्टर द्वारा आदेश पारित किये गये हैं। इंदौर प्रदेश में सर्वाधिक दत्तक ग्रहण आदेश पारित करने वाला जिला है। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि जारी 40 दत्तक ग्रहण आदेश में से 39 दत्तक ग्रहण आदेश देश के भीतर दत्तक ग्रहण के प्रकरणों एवं 01 आदेश देश के बाहर दत्तक ग्रहण का है। इसके अतिरिक्त स्टेप पेरेन्टस दत्तक ग्रहण के 05 प्रकरणों में एवं रिलेटिव एडाप्शन दत्तक ग्रहण के 02 प्रकरणों में भी कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित एवं अपर कलेक्टर महोदय द्वारा आदेश पारित किये गये है। उक्त प्रकरणों में भी प्रदेश में सर्वाधिक स्टेप पेरेन्टस एवं रिलेटिव एडाप्शन के प्रकरणों में दत्तक ग्रहण आदेश पारित करने वाला जिला है। केन्द्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण संसाधन नई दिल्ली द्वारा जारी नवीन रेगुलेशन 2022 अनुसार गोद लेने के इच्छुक परिवार (दत्तक दम्पति) द्वारा कारा पोर्टल पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर संबंधित दस्तावेज अपलोड किये जाते है। दत्तक दम्पति का दत्तक ग्रहण हेतु नम्बर आने पर कारा रेगुलेशन अनुसार जिला स्तर पर गठित दत्तक ग्रहण समिति द्वारा दत्तक दम्पतियों के दस्तावेजों की जांच उपरांत दत्तक दम्पतियों को बच्चा पालन-पोषण देखरेख में दिया जाता है। इसके उपरांत संबंधित संस्था द्वारा दत्तक ग्रहण (आदेश हेतु आवेदन जिला बाल संरक्षण अधिकारी को प्रस्तुत किया जाता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच उपरांत उक्त प्रकरण को कलेक्टर के समक्ष में प्रस्तुत किया जाता है। कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत अपर कलेक्टर द्वारा दत्तक ग्रहण आदेश पारित किये जाते हैं। इंदौर जिले में दत्तक ग्रहण हेतु जारी रेगुलेशन में दिये गये निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन कर दत्तक ग्रहण आदेश समय-सीमा में जारी किये जाते है।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023

# विभिन्न चरणों में 12 से 28 सितम्बर तक होंगी खेल प्रतियोगिता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रदेश में खेलों के प्रति युवाओं को जागरूक करने, खेल को सर्व सुलभ बनाने, ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान और उन्हें खेलों की तकनीकी पद्धति से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये प्रदेश में कई अभिनव पहल किये जा रहे है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में पहली बार हुए खेलों इण्डिया यूथ गेम्स की सफलता के बाद घोषणा की थी कि 'खेलो इण्डिया यूथ गेम्स' की तर्ज पर मध्यप्रदेश में 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' का आयोजन भी किया जाएगा। इस कड़ी में 12 से 28 सितम्बर तक प्रदेश में विभिन्न चरणों में खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन प्रदेश के सभी 52 जिलों के 313 विकासखण्डों में किया जाएगा। यूथ गेम्स 4 चरणों, ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। ब्लॉकस्तरीय चयन स्पर्धा 12 से 14 सितंबर के मध्य किया जाएगा। जिलास्तरीय प्रतियोगिता 16 से 18 सितंबर, संभागस्तरीय 20 से 23 सितंबर तथा राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 24 से 28 सितंबर तक किया जाएगा। राज्यस्तर पर प्रदेश के 8 संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर, उज्जैन एवं शहडोल की टीमें सहभागिता करेंगी।

24 खेलों में राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएँ प्रदेश के 7 शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, शिवपुरी, उज्जैन, रीवा एवं जबलपुर में किये जाएंगे। जिला एवं संभाग स्तर पर प्रदेश में प्रचलित 18 खेल एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखम्ब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबिल टेनिस, योगासन, वॉलीबॉल, टेनिस और शतरंज का आयोजन किया जाएगा। राज्यस्तर पर 6 खेल ताइक्वांडो, फैंसिंग, रोइंग, क्याकिंग-कनोइंग, शूटिंग एवं आर्चरी जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा। राज्यस्तर पर एथलेटिक्स, शूटिंग प्रतियोगिताएँ स्पोर्टस कॉम्पलेक्स शिवपुरी में होंगी। भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में बॉक्सिंग, ताक्वांडो, जूडो, फैंसिंग, टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती, शतरंज प्रतियोगिताएँ होंगी। भोपाल की बड़ी झील में क्याकिंग-कनोइंग और रोइंग तथा प्रकाश तरण पुष्कर में तैराकी प्रतियोगिता की जाएंगी। इंदौर के बॉस्केटबॉल काम्प्लेक्स में बास्केटबॉल और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताएँ तथा एमरॉल्ड हाइट्स स्कूल में टेबल टेनिस के मुकाबले होंगे।

ग्वालियर में मध्यप्रदेश बेडमिंटन अकादमी बेडमिंटन और मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी कम्पू ग्वालियर में हॉकी की प्रतियोगिताएँ होंगी। स्पोर्टस कॉम्पलेक्स उज्जैन में मलखम्ब और योगासन, जबलपुर के रानीताल स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में खो-खो एवं तीरंदाजी तथा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स रीवा में कबड्डी के मुकाबले खेले जाएंगे।

द्वितीय पुण्यतिथि

माँ !

आप सदैव हमारे मानस पटल पर सद्बुद्धि-साहस-सहनशीलता के रूप में विद्यमान हो।

आपका त्याग और स्नेह हमेशा हमारा मार्गदर्शन करेगा।



स्व. श्रीमती पुष्पादेवी पालीवाल

जन्म : 12.08.1942 । बैकुंठ धाम : 06.09.2021

पालीवाल परिवार, बुरहानपुर की भावभीनी श्रद्धांजली

# संत रविदास स्वरोजगार व डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजनाओं के तहत अजा के 700 युवाओं को स्वरोजगार के लिए मिलेगा लोन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति के युवाओं को स्वरोजगार स्थापना में मदद देने के लिये संत रविदास स्वरोजगार तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अनुसूचित जाति के युवाओं को व्यापार-व्यवसाय, उद्योग तथा सेवा ईकाईयों की स्थापना के लिये 20 हजार रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिये इच्छुक युवाओं से ऑनलाइन आवेदन मंगाये गये हैं। जिले में इस वर्ष अनुसूचित जाति के 700 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति इंदौर के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल से अनुसूचित जाति के युवाओं को लाभान्वित करने के लिये विभिन्न योजनाओं के तहत लक्ष्य प्राप्त हो गये हैं। बताया गया कि राज्य शासन द्वारा संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना में 200 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनान्तर्गत एक लाख रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक का ऋण उद्योग परियोजनाओं की स्थापना के लिये दिया जायेगा।

# घर से वोटिंग कर सकेंगे बुजुर्ग और दिव्यांग

## 4 अक्टूबर को आएगी फाइनल वोटर लिस्ट; 5 हजार पोलिंग बूथ संभालेगी महिलाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए 4 अक्टूबर को फाइनल वोटर लिस्ट जारी होगी। 11 सितंबर तक इसमें नाम जुड़वाए जा सकते हैं। चुनाव आयोग इस बार वोटिंग में फीमेल पार्टिसिपेशन बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। 5 हजार पोलिंग बूथ महिलाएं मैनेज करेगी। यहां सुरक्षाकर्मी भी महिलाएं ही रहेंगी। करीब 50त्न से ज्यादा पोलिंग बूथ पर वेब कास्टिंग की जाएगी। सीनियर सिटीजन और दिव्यांगों को घर से वोटिंग की सुविधा मिलेगी। ऐप से बूथ पर गड़बड़ियों की शिकायत की जा सकेगी।

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें आयोग ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। पिछले दो दिन तक भारत निर्वाचन आयोग की फुल बेंच ने प्रदेश भर के अफसरों के साथ बैठक की।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि प्रदेश की 230 विधानसभा क्षेत्रों में असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिस युवाओं के लिए नियुक्त किए गए हैं। चुनाव आयोग ने कहा है कि जो कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगेंगे, वे घर जाकर वोट नहीं कर पाएंगे। उन्हें केंद्र पर ही वोट करना होगा।

### महिलाओं पर होगा फोकस

चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस बार महिलाओं पर खास फोकस रखा गया है। 108 विधानसभाएं ऐसी हैं, जहां सेक्स रेश्यो 936 से कम है, इसलिए 920 पोलिंग बूथ को चिन्हित किया है, जहां महिलाओं का मतदान प्रतिशत 10त्नसे कम है। 6,920 पोलिंग स्टेशन में फीमेल पार्टिसिपेशन बढ़ाने के लिए कहा गया है। साथ ही, 5 हजार से ज्यादा पोलिंग बूथ पर महिलाएं ही रहेंगी। यहां सुरक्षाकर्मी भी महिला ही रहेंगी।

### बुजुर्ग और दिव्यांगों को घर से वोटिंग की सुविधा

वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से वोट करने की सुविधा दी है। नामांकन के 5 दिन में यदि फॉर्म 12 ऊ भरेंगे, तो घर से वोटिंग की सुविधा मिलेगी। इसकी वीडियोग्राफी कराई जाएगी, ताकि निष्पक्षता बनी रहे। यही सुविधा दिव्यांगों को भी देने का फैसला किया है। इस सुविधा के लिए सक्षम ऐप पर बुकिंग करनी होगी।

# महाकाल की नगरी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

## इस्कॉन,नारायणा,कृष्ण मित्रविंदा धाम, मीरा माधव मंदिर में आज मनेगी जन्माष्टमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। भगवान महाकाल की नगरी में बुधवार से ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम मची हुई हैं। उज्जैन भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली और गुरू सांदीपनि की नगरी तो हैं ही लेकिन भगवान श्रीकृष्ण का उज्जैन से एक और नाता है वह यहां के दामाद भी है। भगवान श्रीकृष्ण की पांचवी पटरानी मित्रवृंदा उज्जैन की राजकुमारी थी। इस नाते यहां श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। बड़े गोपाल मंदिर और सांदीपनि आश्रम में बुधवार को जन्मोत्सव मनाया गया। आज इस्कॉन,नारायणा,कृष्ण मित्रविंदा धाम,मीरा माधव मंदिर में जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### महाकाल मंदिर में साक्षी गोपाल की महाआरती की

महाकाल मंदिर प्रांगण स्थित अति प्राचीन साक्षी गोपाल मंदिर पर जन्माष्टमी पर्व मनाया गयां रात्रि 12 बजे जन्माष्टमी महापर्व पर महाआरती की गई। मुख्य पुजारी शारदा चतुवेर्दी एवं पं.जय चोबे ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर साक्षी गोपाल का मनमोहक श्रृंगार किया गया। सुबह से देर रात तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# 8 साल के बच्चे की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

## पड़ोसी ने गर्दन-पैर पर किए 5-6 वार, थाना प्रभारी बोले- वह मानसिक विक्षिप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर**। अशोक नगर जिले में एक 8 साल के बच्चे की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। घटना नई सराय थाना क्षेत्र के सिरसी नई गांव की है। यहां बुधवार सुबह 60 साल के बुजुर्ग ने पड़ोस में रहने वाले बच्चे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। वह गर्दन और पैर पर एक के बाद एक कई वार करता रहा। जिससे बच्चे की मौके पर मौत हो गई।

**गर्दन और पैर पर 5-6 वार किए-** सिरसी नई गांव निवासी सुनील पाल का 8 साल का बेटा शिवांश सुबह घर के 100 मीटर दूर शौच के लिए गया था। तभी पड़ोसी मजबूत सिंह ने बच्चे को अकेला देख उस पर हमला कर दिया। उसने गर्दन और पैर पर 5-6 वार किए। उसकी मौके पर मौत हो गई। बच्चे की हत्या के बाद वह भाग निकला। बताया जा रहा है आरोपी मानसिक विक्षिप्त है।

**दादा ने देखा खून से लथपथ पड़े पोते का शव-** खून से लथपथ पड़े बच्चे का शव सबसे उसके दादा मोकम सिंह ने देखा। वे अपने घर से बाहर जा रहा था तभी उसने देखा कि उसका पोता नजर आया। उन्होंने लोगों को बुलाया। इसके बाद पहुंची नईसराय पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

**आरोपी मानसिक विक्षिप्त-** थाना प्रभारी जंग बहादुर सिंह तोमर ने बताया कि बच्चे की हत्या करने वाले आरोपी मजबूत पिता बलदेव खंगार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मानसिक विक्षिप्त है।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने ओंकारेश्वर के दर्शन किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ओंकारेश्वर**। केंद्रीय परिवहन मंत्री एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी बुधवार को करीब 4 बजे हेलीकॉप्टर से कोटी हेलीपैड पर उतरे। वहां से सीधे कार के द्वारा झूला पुल होकर ओंकारेश्वर च्योतिर्लिंग आए। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी के साथ च्योतिर्लिंग ओंकारजी बाबा के दर्शन पूजन करें। ओंकारेश्वर आने पर मान्धाता विधायक नारायण पटेल ने स्वागत किया। मंदिर ट्रस्ट की ओर से केंद्रीय मंत्री का स्वागत दुपट्टा माला और छायाचित्र भेंट करके किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों ने मंत्री गडकरी से बातचीत करना चाही तो उन्होंने कहा कि यह धार्मिक यात्रा है। वह खंडवा से जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने के बाद ओंकारेश्वर आए थे। यहां आकर उन्हें आनंद की अनुभूति हुई।

# उज्जैन में संचालित होंगी इलेक्ट्रिक बसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। सार्वजनिक परिवहन में सुधार लाने के उद्धेश्य से प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना अंतर्गत 10 हजार इलेक्ट्रिक बसों के साथ परिवहन सेवा का विकास किया जा रहा है। इस योजना के तहत 169 शहरों को उनकी आबादी के आधार पर इलेक्ट्रिक बसों का आवंटन किया जाएंगा। इसके तहत उज्जैन शहर को 100 इंट्रासिटी बसे मिलेंगी जिनमें 70 मिनी इलेक्ट्रिक बसे जिनकी लंबाई 7 मीटर है और 36 यात्रियों को बैठने की क्षमता हैं,जबकि शेष 30 मिनी इलेक्ट्रिक बसे हैं,जिनकी लंबाई 9 मीटर है और 40 यात्रियों बैठने की क्षमता है। ये इलेक्ट्रिक बसे उज्जैन की परिवहन प्रणाली के लिए वरदान साबित होगी,जिससे सार्वजनिक परिवहन में विकास के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी।

# ट्रेन में महिलाओं से चुराकर जमीन में गाड़ देतीं जेवर

## महिला चोर गैंग की 12 सदस्य पकड़ीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। अगर आप ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं, तो महिला चोर गैंग से अलर्ट रहें। जबलपुर में ट्रेन में सोने-चांदी के जेवर चुराने वाली महिला गैंग को पकड़ा गया है। जीआरपी ने 12 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। ये लोग यात्रियों से गहने चुराकर जमीन में गाड़ देती थीं। किसी को शक ना हो, इसके लिए मासूम बच्चों को साथ लेकर चलती थीं।

दो दिन पहले कंचन पांडे नाम की महिला ने गाडरवारा जीआरपी को शिकायत की थी। उसने कहा था कि उसे विंध्याचल एक्सप्रेस ट्रेन से गाडरवारा से सोहागपुर जाना था। गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय उसे कुछ महिलाओं ने घेर लिया। भीड़ में एहसास हुआ कि उनके पर्स की चेन खोलने की कोशिश की जा रही है। ट्रेन में अंदर चढ़ते ही कंचन ने पर्स देखा, तो बैग में रखे करीब 2 लाख रुपए कीमत के जेवर गायब थे। उसे समझ आ गया कि ट्रेन में चढ़ते समय आसपास मौजूद महिलाओं ने चोरी की है।

### सीसीटीवी में दिखीं महिलाएं

शिकायत पर पुलिस ने स्टेशन के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दिख रहा था कि कुछ महिलाएं ट्रेन में चढऩे का प्रयास कर रही हैं। ट्रेन के चलते ही ये महिलाएं नीचे उतरकर स्टेशन के बाहर जा रही हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस इनकी तलाश में जुट गई।

### टोली बनाकर रह रही थी महिला चोर गैंग

मंगलवार को जीआरपी पुलिस को सूचना मिली कि गाडरवारा से करीब 30 किलोमीटर दूर बनखेड़ी स्टेशन के बाहर कुछ महिलाएं टोली बनाकर रह रही हैं। गाडरवारा थाना प्रभारी प्रकाश श्रीवास्तव ने इसकी सूचना एसपी सिमाला प्रसाद को दी। एसपी रेलवे के निर्देश पर पुलिस ने दबिश दी। यहां से 12 महिलाओं को गिरफ्तार किया। इनके पास से करीब 6 लाख रुपए के जेवरात और 12 हजार रुपए नकद समेत मोबाइल जब्त किया गया। गिरफ्तार महिलाओं की उम्र 22 से 60 साल है।



# संपादकीय

## चीन का दावा और हकीकत

यह छिपा तथ्य नहीं है कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने के भारत और उसके सहयोगी देशों के प्रयासों को सुरक्षा परिषद के अहम सदस्य के रूप में चीन ने बार-बार बाधित किया है। दरअसल, जी20 शिखर सम्मेलन की कामयाबी के लिए चीन ने सभी पक्षों के साथ मिल कर काम करने को लेकर सहमति जाहिर की है। निश्चित रूप से इस सम्मेलन से पहले चीन की ओर आया संदेश एक उम्मीद जगाता है कि दुनिया के ज्यादातर देश जिस सहयोग और शांति के सपने के साथ एक दूसरे के साथ मिल कर नए रास्ते तैयार करने की कोशिश में लगे हैं, उसमें और मजबूती आएगी। यों चीन का दावा है कि वह जी20 समूह को उच्च महत्त्व देता है और प्रासंगिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेता रहा है। हालांकि इस बार नई दिल्ली में होने वाले आयोजन में पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आने की संभावना थी, लेकिन अब वे इसमें शामिल नहीं होंगे। उनकी जगह वहां के प्रधानमंत्री ली क्विंग चीन की नुमाइंदगी करेंगे। दरअसल, जी20 के सम्मेलन की सफलता को लेकर चीन के संदेश की अहमियत यह जरूर है कि उसने भारत की मेजबानी का समर्थन किया है और सभी के साथ मिल कर काम करने के लिए तैयार होने की बात कही है। लेकिन अगर केवल भारत के लिहाज से ही देखें तो पिछले कुछ समय से चीन ने जैसा रवैया अख्तियार किया हुआ है, वह अपने आप में यही दर्शाता है कि उसकी कथनी और करनी के बीच एक बड़ा फासला है। उदाहरण के लिए हाल ही में संपन्न ब्रिक्स सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री के साथ चीन के राष्ट्रपति के मुलाकात के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि सीमा पर नियंत्रण रेखा पर चल रहे विवाद और चीन की अन्य हरकतों पर लगाम लगेगी। लेकिन इसके कुछ ही दिन बाद चीन की ओर से जो 'मानक मानचित्र' जारी हुआ, उसमें भारत के भी कुछ इलाकों को उसके भीतर दिखाया गया। इस मसले पर भारत ने तीखी आपत्ति भी जाहिर की। सवाल है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समस्या के हल में सक्रिय सहभागिता करने और शांति की ओर कदम बढ़ाने की बात करते दिखने के कुछ ही दिन बाद उसे अपना रुख पलटने में कोई हिचक क्यों नहीं होती? ऐसे में उसके घोषित सरोकारों पर कितना भरोसा किया जाएगा? गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र में मंगलवार को भारत ने साफ तौर पर कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक, साक्ष्य-आधारित सूची प्रस्तावों को बिना कोई उचित कारण बताए रोकना गैरजरूरी है और जब आतंकवाद की चुनौती से निपटने में सुरक्षा परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो इसमें दोहरापन दिखाई देता है।

### अर्ज़ किया है..!

*मरकज़ पे अपने धूप*
*सिमटती है जिस तरह*
*यूँ रफ़्ता रफ़्ता तेरे*
*क़रीब आ रहा हूँ मैं*

*-सीमाब अकबराबादी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**क्रोध को ग्रंथकारों ने चांडाल कहा है... जब किसी में बहुत क्रोध हो ना उसी समय उसको अस्पृश्य समझना... छूना मत ... क्रोध उतर जाए तो कहना... पहले नहा लो आप... क्योंकि आप में चांडाल ने प्रवेश किया था...**

।।रामकथा।।मानस मृत्यु।।


साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# जन्माष्टमी पर कैसे चुनें श्रीकृष्ण की मूर्ति?

## जानें श्रृंगार, प्रसाद और पूजन विधि

**भगवान कृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को होने के कारण इसको कृष्ण जन्माष्टमी कहते हैं. जन्माष्टमी के निर्धारण में अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का सबसे ज्यादा ध्यान रखा जाता है. इस दिन भगवान कृष्ण की पूजा करने से संतान की प्राप्ति, आयु और समृद्धि की प्राप्ति होती है. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाकर हर मनोकामना पूरी की जा सकती है. जिन लोगों का चंद्रमा कमजोर हो वो जन्माष्टमी पर विशेष पूजा से लाभ पा सकते हैं.**



### ◆ कैसे करें श्रीकृष्ण की मूर्ति का चुनाव

जन्माष्टमी पर बाल कृष्ण की स्थापना की जाती है. अपनी मनोकामना के आधार पर जो स्वरूप चाहें स्थापित कर सकते हैं. प्रेम और दांपत्य जीवन के लिए राधा कृष्ण की स्थापना करें, संतान के लिए बाल कृष्ण की स्थापना करें. साथ ही सभी मनोकामनाओं के लिए बंशी वाले कृष्ण की स्थापना करें, शंख और शालिग्राम की स्थापना भी कर सकते हैं.

### कैसे करें श्रीकृष्ण का श्रृंगार

श्रीकृष्ण के श्रृंगार में फूलों का प्रयोग करें. पीले रंग के वस्त्र, गोपी चंदन और चंदन की सुगंध से इनका श्रृंगार करें, काले रंग का प्रयोग न करें. वैजयंती के फूल अगर कृष्ण जी को अर्पित किए जाएं तो सर्वोत्तम होगा.

### क्या होगा इनका प्रसाद?

- जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण को पंचामृत जरूर करें, उसमें तुलसीदल जरूर डालें, मेवा, माखन और मिश्री का भोग भी लगाएं.
- कहीं कहीं पर धनिये की पंजीरी भी अर्पित की जाती है.
- इस दिन पूर्ण सात्विक भोजन, जिसमें तमाम तरह के व्यंजन हों.

### किस प्रकार मनाएं जन्माष्टमी का पर्व

1. प्रातः काल स्नान करके व्रत या संकल्प लें, दिन भर जलाहार या फलाहार ग्रहण करें और सात्विक रहें.
2. मध्यरात्रि को भगवान कृष्ण की धातु की प्रतिमा को किसी पात्र में रखें. उस प्रतिमा को पहले दूध से, फिर दही से, शहद, शक्कर से और अंत में घी से स्नान कराएं.
3. इसके बाद जल से स्नान कराएं, इसके बाद पीताम्बर, पुष्प और प्रसाद अर्पित करें.
4. ध्यान रखें कि अर्पित की जाने वाली चीजें शंख में डालकर ही अर्पित की जाएंगी.
5. पूजा करने वाला व्यक्ति काले और सफेद वस्त्र धारण नहीं करें, अपनी मनोकामना के अनुसार मंत्र जाप करें.

## Highlights

1. We consider name change requests: United Nations amid India-Bharat debate
2. 51 policemen booked over lathicharge on lawyers in UP's Hapur
3. 80% PSU stocks surge 10-75% since PM's 'invest in PSUs' remark
4. Reservations must continue till there's discrimination: RSS chief
5. Malviya booked for 'Udhayanidhi calling for genocide' remark in TN

# Soon, you will be able to make voice-based UPI payments, NPCI launches new products

**NEW DEIHI, (Agency).** The NPCI on Wednesday launched a slew of new payment options on popular payments platform UPI, including conversational transactions.

Reserve Bank of India (RBI) Governor Shaktikanta Das announced the launch of the products by the National Payments Corporation of India (NPCI) at the ongoing Global Fintech Festival here.

The latest offerings -- Credit Line on UPI, UPI LITE X, and Tap & Pay, Hello! UPI and Conversational Bill Payments -- are aimed at creating an inclusive, resilient, and sustainable digital payments ecosystem and will help UPI achieve the target of 100 billion transactions per month, NPCI said.

Hello! UPI, will help users make voice-enabled UPI payments via apps, telecom calls, and IoT devices in Hindi and English.

It will soon be available in several other regional languages also.




Hello! UPI has been divided into segments: Conversational Payments on UPI, BillPay Connect.

Conversational payments underscores the emergence of a novel paradigm for human-machine interaction facilitated by AI-enabled transactions that will further deepen the reach and use of digital payments in the country, NPCI said in a statement.

NPCI said it has partnered with AI4Bharat at IIT Madras, to co-develop Hindi and English payment language models.

With BillPay Connect, Bharat BillPay introduced a nationalised number for bill payments across the country, NPCI said, adding that customers can conveniently fetch and pay their bills by sending a 'Hi' on the messaging app.

Along with this, customers without smartphones or immediate mobile data access will be able to pay bills by giving a missed call as well, it said.

Customers using this facility will receive a call immediately for verification and payment authorisation.

# This Chinese app is overtaking Amazon in many countries. Here's how

**NEW DEIHI, (Agency).** Temu is a company that focuses on offering a wide range of everyday products, such as clothing, toys, and household essentials, at exceptionally affordable prices. This online marketplace was introduced to the market by PDD Holdings, a Shanghai-based company, in the latter part of the previous year, with its initial launch targeting customers in the United States.

Since its inception, Temu experienced a meteoric rise. In just a few months, the total value of products sold on their platform surged from $3




million in September of the previous year to an astounding $400 million by April. As of the publication of this article, Temu achieved the status of being the most popular free iPhone app in several countries, including the United States, United Kingdom, Australia, and Germany.

What is the secret to Temu's success?

According to a report in 'The Conversation', the success of the company can be attributed to some reasons such as:

Value- While "made in China" has traditionally been associated with inexpensive products of potentially lower quality, Temu is changing this perception among its consumers. Increasingly, people are starting to see Temu as a platform that offers affordable items without necessarily sacrificing quality.

New Delhi

# पाकिस्तानी हैंडलर समेत 15 आतंकियों पर विशेष नजर, फरार दहशतगर्दों के अलावा खालिस्तानियों का खटका

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** जी-20 सम्मेलन को देखते हुए पुलिस पाकिस्तानी हैंडलर समेत 15 आतंकियों पर विशेष नजर रख रही है। स्पेशल सेल के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इनमें पाकिस्तानी हैंडलर, आईएसआई व दिल्ली में वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके आतंकी शामिल हैं। अभी तक खालिस्तान समर्थकों को छोड़कर किसी अन्य द्वारा हमले के इनपुट नहीं हैं। खालिस्तानी माहौल खराब करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। ऐसे में वारदात रोकने के लिए नई दिल्ली जिले के सभी पुलिस थानों में एक-एक एंटी ग्राफ्टी टीम बनाई गई है। ये टीमें अपने साथ एंटी ग्राफ्टी किट लेकर चलती हैं। इस किट में हर तरह का स्प्रे आदि सामान होता है। अगर कोई खालिस्तानी समर्थक किसी दीवार पर कुछ लिख देता है तो टीम स्प्रे कर तुरंत उसे मिटा देगी।



टीम में सब-इस्पेक्टर स्तर का पुलिस अधिकारी व दो जूनियर कर्मी होते हैं। इसके अलावा नई दिल्ली जिले के सभी थानों में कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां टीवी स्क्रीन बढ़ा दी गई हैं। एक थाना इलाके में बहुत सारे सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कुछ पहले से ही लगे हुए हैं। कंट्रोल रूम से इन सीसीटीवी कैमरों के जरिये थाना क्षेत्र के हर मार्ग व गली पर नजर रखी जा रही है। सब-इंस्पेक्टर स्तर के पुलिसकर्मियों की कंट्रोल रूम में ड्यूटी लगाई गई है। ये पुलिस अधिकारी 24 घंटे हर टीवी स्क्रीन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। चाणक्यपुरी, तुगलक रोड, तिलक मार्ग व संसद मार्ग इलाके में कंट्रोल रूम से विशेष चौकसी बरती जा रही है।

सम्मेलन के कारण नई दिल्ली इलाके में कहीं भी गाड़ी को पार्क करने की अनुमति नहीं होगी। कहीं गाड़ी खड़ी की गई तो उसे तुरंत उठा लिया जाएगा। पुलिस थानों के सामने भी जो वाहन पार्क किए गए थे उन्हें हटा दिया गया है।

Rajasthan

## स्कूल में चल रहे जन्माष्टमी महोत्सव में हादसा, 5 छात्राओं पर गिरा सीमेंट पिलर, दो की मौत

**उदयपुर, (एजेंसी) राजस्थान के उदयपुर में बड़ी घटना घट गई है. यहां पर सरकारी स्कूल में जन्माष्टमी का कार्यक्रम मनाया जा रहा था. इस दौरान स्कूल में मटकी फोड़ने का कार्यक्रम भी किया गया. मटकी जिस रस्सी पर लटकाई गई थी, उसका एक छोर पेड़ से बंधा था और दूसरा छोर ध्वजारोहण वाले सिमेंट पिलर में लगे पोल से बंधा हुआ था.**

इसी दौरान वह पोल सीमेंट के पिलर के साथ ऊंचाई से नीचे आ गिरा और छात्राओं पर गिर गया. इस हादसे में गंभीर रूप से घायल दो छात्राओं की मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया. मृतक छात्राओं के परिजनों ने हंगामा मचाया और उचित मुआवजा देने की मांग की है. वहीं, एक्शन लेते हुए स्कूल की प्राचार्या और इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया है.

दरअसल, शहर के जोगी तालाब स्थित राजकीय बालिका विद्यालय में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा था. इस दौरान मटकी फोड़ने का भी अयोजन किया गया था. मटकी को रस्सी से बांधा गया था और रस्सी के एक छोर को ध्वजारोहण के पोल से और दूसरे छोर को पेड़ से बांधा गया था. सभी छात्र-छात्राएं स्कूल के पोर्च में आकर जमा हुए थे.

New Delhi

## जिन्हें भैया कहती थी बच्ची, निकले दरिंदे; 14 साल की लड़की संग 6 ने किया गैंगरेप

**सोहना, (एजेंसी)** गुरुग्राम से सटे सोहना में बच्ची के साथ हैवानियत की घटना सामने आई है। रिश्ते में भाई लगने वाले 6 युवकों ने बुधवार अल-सुबह 14 वर्षीय छात्रा का अपहरण कर गैंगरेप किया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तीन नामजद सहित छह युवकों पर सोहना सिटी थाने में आईपीसी की धारा 363 और पॉक्सो ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। गैंगरेप करने वालों में से दो युवकों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था, ताकि उसकी पहचान न हो। अभी किशोरी की हालत सामान्य है और उसका मेडिकल करवाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सोहना सिटी थाना क्षेत्र में स्थित गांव में 14 वर्षीय छात्रा के परिजन रिश्तेदारी में गए हुए थे। छात्रा अपने घर पर छोटे भाई-बहन के साथ अकेली थी।

Jammu Kashmir

## पुंछ में LoC पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर, तलाशी अभियान जारी

**पुंछ, (एजेंसी)** जिले की मंडी तहसील के सावजियां सेक्टर में सुरक्षाबलों ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की साजिश को नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया। सुरक्षाबलों ने एक दहशतगर्द का शव बरामद कर लिया है। उसके पास से हथियारों के साथ युद्ध जैसी सामग्री बरामद की गई है जबकि दूसरे के शव की तलाश जारी है। मारे गए आतंकियों की शिनाख्त अभी नहीं हुई है। दोनों के पाकिस्तानी होने की आशंका है।

रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि दोनों आतंकियों को मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि पुंछ के मंडी इलाके के सावजियां सेक्टर में नियंत्रण रेखा पार करते हुए भारतीय सीमा की ओर आते देखा गया। रात में ही आतंकियों को रोकने के लिए सेना और पुलिस की संयुक्त टीमों ने अभियान शुरू कर दिया। दोनों घुसपैठिये जैसे ही सुरक्षाबलों की रेंज में आए उन्हे चेतावनी दी गई। इसके बाद दोनों आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। रात में हुई गोलीबारी में दोनों आतंकी मारे गए। हालांकि अभी एक ही आतंकी का शव मिला है। दूसरे की तलाश की जा रही है। जिस इलाके में मुठभेड़ हुई यहां घने जंगल और खड़ी ढाल वाली पहाड़ियां होने के कारण तलाशी अभियान में कठिनाइयां आ रही हैं। तुली में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में अंधेरे व बारिश का फायदा उठा कर मौके से फरार हुए आतंकी की तलाश में बुधवार को जम्मू कश्मीर पुलिस व सेना के जवानों के साथ ही बीडीसी के सदस्यों ने मिल कर दो किलोमीटर का इलाका खंगाला।

खेल

# पाकिस्तान ने बांग्लादेश टीम को बुरी तरह रौंदा, रिजवान-इमाम और रऊफ चमके

**नई दिल्ली, (एजेंसी) पाकिस्तान ने बुधवार को एशिया कप 2023 के सुपर-4 राउंड में बांग्लादेश को 7 विकेट से रौंदा है। बांग्लादेश ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में 194 रन का लक्ष्य दिया, जिसे पाकिस्तान ने 39.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर आसानी से हासिल कर लिया। मोहम्मद रिजवान 79 गेंदों में 7 चौकों और 1 छक्के की मदद से नाबाद 63 रन की पारी खेली। इमाम-उल-हक ने 84 गेंदों मे 78 रन बनाए। उन्होंने 5 चौके और 4 छक्के उड़ाए। रिजवान और इमाम ने तीसरे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी की। फखर जमान ने 20 और कप्तान बाबर आजम ने 17 रन जोड़े। आगा सलमान 12 रन बनाकर नाबाद लौटे।**



इससे पहले, बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 38.4 ओवर में 193 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने कातिलाना गेंदबाजी की। रऊफ ने 6 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट लिए। नसीम शाह ने तीन जबकि शाहीन अफरीदी, फहीम अशरफ और इफ्तिखार अहमद ने एक-एक शिकार किया। बांग्लादेश की ओर से मुश्फिकुर रहीम (87 गेंदों में 64) ने सर्वाधिक रन बनाए। कप्तान शाकिब अल हसन ने 57 गेंदों में 53 रन का योगदान दिया। मुश्फिकुर और शाकिब ने पांचवें विकेट के लिए 100 रन की पार्टनरशिप की। बांग्लादेश ने अपने शुरुआती चार विकेट सिर्फ 47 रन पर गंवा दिए थे। मेहदीन हसन मिराज (0) का बल्ला खामोश रहा। मोहम्मद नईम (20) और लिटन दास (16) बड़ी पारी नहीं खेल सके।

सिनेमा

## जवान की फाइनल एडवांस बुकिंग रिपोर्ट आई सामने, पहले दिन इतना कमाएगी शाहरुख खान की फिल्म



पठान के बाद अब जवान के साथ शाहरुख खान लौट आए हैं। ट्रेड एनालिस्ट्स के साथ ही साथ दर्शकों को भी पूरी उम्मीद है कि फिल्म धमाका करेगी और बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचेगी। फिल्म को लेकर फैन्स में काफी क्रेज देखने को मिल रहा है और ये सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी हो रहा है। अमेरिका में जहां बंपर एडवांस बुकिंग हुई है तो दूसरी ओर नेपाल के कुछ इलाकों तक में सुबह 6 बजे से शो शुरू किए जा रहे हैं। वैसे घरेलू बॉक्स ऑफिस पर जवान के आधिकारिक आंकड़े सामने आ गए हैं। जानें कलेक्शन....

जवान की फाइनल एडवांस बुकिंग रिपोर्ट काफी तगड़ी है। Sacknilk की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 35.6 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग की है। फिल्म की ये कमाई 18518 शोज की एडवांस बुकिंग से हुई है। बता दें कि ये सिर्फ एडवांस बुकिंग है और उम्मीद की जा रही है कि फिल्म पहले दिन करीब 70-80 करोड़ की ओपनिंग कर सकती है। बता दें कि फिल्म के ट्रेलर और प्रिव्यू से कहानी अभी तक पूरी तरह से साफ नहीं हो पाई है। लेकिन ऐसा लगता है कि कुल मिलाकर फिल्म की कहानी कुछ ऐसी समझ आ रही है कि विक्रम राठौर के बेटे आजाद की मौत हो जाती होगी।

# होस्टल की तीसरी मंजिल से गिरा छात्र, गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विजयनगर में एक स्टूडेंट बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। उसे गंभीर हालत में हॉस्टल के दो कर्मचारी एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। पहले बताया गया कि वह होस्टल के डक से नीचे गिरा है। लेकिन होस्टल संचालकों ने बताया कि कि रात करीब ढाई बजे वह होस्टल से 100 मीटर की दूरी पर संदिग्ध हालत में गिरा पड़ा मिला। जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक छात्र के बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

पुलिस के मुताबिक अंबिकापुरी के कमला बॉयज होस्टल में रहने वाला सुरेश पुत्र लक्ष्मी जाटव एक बिल्डिंग से नीचे गिर गया। उसे गंभीर हालत में नजदीक ही बनी गर्ल्स होस्टल के कर्मचारी सुशील एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। जबकि कमला बॉयज होस्टल के संचालक आकाश खंडेलवाल का कहना है कि वह होस्टल से घूमने निकला था। होस्टल के आगे ही एक कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग पर चढऩे के प्रयास में वह नीचे गिरा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है।

हॉस्टल के लोगों ने बताया कि सुरेश मूल रूप से नरसिंहपुर का रहने वाला है। परदेशीपुरा में उसके रिश्तेदार रहते हैं। वह कई माह से होस्टल में रह रहा है। धन ट्राइडेंट सेंटर में जॉब करने के साथ ही वह पढ़ाई भी कर रहा है। सुरेश के दोनों पैर और सिर में गंभीर चोट आई है। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक छात्र फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं है।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। देर शाम जब उसका भाई कमरे पर पहुंचा तो फंदे पर लटके देखा। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। मामले में जांच की जा रही है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक आनंद नगर में किराये से रहने वाले हर्ष (22) पुत्र राजेन्द्र पाटीदार ने सुसाइड कर लिया। देर शाम भाई यश ने उसे फंदे पर लटके देखा। हर्ष मूल रूप से छपरी खेडा ग्राम राजगढ़ का रहने वाला है। इंदौर में अपने भाई के साथ रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बुधवार को भाई जॉब पर गया जब वापस आया तो उसने फंदे पर लटके देखा। रिश्तेदार ने बताया कि हर्ष के पिता पेशे से किसान हैं। वहीं उनका जूते चप्पल की गांव में शॉप भी है। पुलिस के मुताबिक आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# दलित युवक के साथ मारपीट का आरोप

### कमिश्नर आफिस पर शिकायत करने पहुंचे दलित नेता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खुडैल इलाके में एक दलित युवक को बंधक बनाकर मारपीट का मामला सामने आया है। इसमें गंभीर कार्रवाई को लेकर दलित समाज के नेता और परिजन कमिश्नर से मिलने बुधवार को उनके आफिस पहुंचे। खुडैल में एक मानसिक बीमार 20 साल के दलित युवक के साथ बुरी तरह से मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में दलित समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, युवक और उसके परिवार को लेकर इंदौर में अफसरों के पास पहुंचे। मनोज परमार ने बातचीत में बताया कि युवक पर तीन दिन पहले चोरी का आरोप लगाते हुए लतीफ,अजगर,शेख अजीज और उसके बेटे ने मारपीट की।

आरोपियों ने दलित युवक को सरिए,प्लास्टिक के डंडे और बेंत से बुरी तरह से पीटा। आरोपियों ने दलित युवक के पिता से उसे छोडऩे के एवज में तीन लाख रुपए की मांग की। पिता ने अपनी बाइक गिरवी रखकर उसे छुड़ाया। आरोपियों ने दलित युवक को डराया और कहा कि अगर किसी तरह की शिकायत की तो ठीक नहीं होगा। बुधवार को दलित नेता परमार को मामले की जानकारी लगी। जिसके बाद वह इंदौर पुलिस कमिश्नर आफिस पहुंचे। परमार ने बताया कि मामले में अभी खुडैल पुलिस ने भी किसी तरह का मामला दर्ज नहीं किया है। इधर कमिश्नर आफिस पर कर्मचारियों ने मामला ग्रामीण इलाके का होने के चलते आईजी ग्रामीण या ग्रामीण एसपी से बात करने के लिए कहा है।

# तीन घरों में घुसे चोर, नकदी और जेवरात ले भागे

◆ सीसीटीवी कैमरो में दिखे बाइक सवार बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हीरानगर इलाके में बदमाशों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया। बदमाश यहां से नकद और आभूषण लेकर फरार हो गए। कॉलोनी में लगे कैमरों में चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए है। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

घटना श्याम नगर एक्सटेंशन की है। यहां जन्माष्टमी पर पीथमपुर गए परिवार के घर पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर यहां से 60 हजार नकदी और सोने चांदी के जेवर ले गए। दूसरी वारदात मिथिलेश उपाध्याय के घर में हुई है बताया जा रहा है कि तीन से चार दिन पहले गमी में शामिल होने परिवार के साथ ग्वालियर गए हैं। परिवार को चोरी के मामले में पड़ोसियों ने कॉल कर जानकारी दी है। वहीं उनके घर के नीचे रहने वाले किराएदार के यहां भी चोर नकदी और जेवर पर हाथ साफ कर फरार हो गए। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

## पति के कारण की थी खुदकुशी

**इंदौर**। महिला की खुदकुशी के मामले में पुलिस ने जांच के बाद उसके पति पर केस दर्ज किया है। आरोपी पति अपनी पत्नी को परेशान करता था, इसी से तंग आकर महिला ने आत्महत्या कर ली। विजय नगर पुलिस के अनुसार उत्तरा बोडाना (34) निवासी स्कीम नंबर ने गत दिनों फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसकी मौत के मामले में पति जितेन्द्र बोडाना के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी पति पत्नी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। इससे परेशान होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।




# दो घंटे के लिए लगाया ताला, हो गई चोरी

### बेटी के पूजा में गई थी मां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मल्हारगंज इलाके में रहने वाली महिला ने घर पर दो घंटे के लिए ताला लगाया और अपनी बेटी के यहां पर पूजा के कार्यक्रम में शामिल होने चली गई। इस दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने बताया कि वारदात पेनजान कॉलोनी में रहने वाली केसरबाई साहू पाति राम प्रसाद के घर हुई। केसरबाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी पेनजान कॉलोनी में ही रहती है। मंगलवार को उसके घर पर पूजा थी, वह पूजा में शामिल होने के लिए अपने घर पर ताला लगाकर बेटी कौशल्या के घर चली गई थी। करीब 2 घंटे बाद वापस लौटी तो घर का ताला टूटा हुआ था और घर में रखी गैस टंकी और अन्य सामान गायब था। कोई बदमाश उसे चुरा ले गए। माना जा रहा है किसी बदमाश ने नजर रखकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

# शराब के लिए किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अलग-अलग स्थानों पर शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर बदमाशों ने दो लोगों पर हमला कर दिया। पहली घटना में राजेंद्र नगर पुलिस ने बताया कि घटना विष्णु पंवार तेजपुर गड़बड़ी के साथ मंगलवार रात को हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी अम्मू उर्फ अमन, आकाश और जितेन्द्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोपियों ने उससे अड़ीबाजी कर शराब पीने के लिए एक हजार रुपए मांगे, नहीं देने पर गालियां दी और हाथ मुक्कों और बल्ले से हमलाकर घायल कर दिया। इसी प्रकार सदर बाजार में जुबैर कुरैशी जूना रिसाला की रिपोर्ट पर आरोपी इम्मा, साउथ गाडराखेड़ी, अमजद मराठी मोहल्ला और रेहान के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोपियों ने उससे नशा करने के लिए रुपए की मांग की। नहीं देने पर गालियां दी मारपीट कर भाग गए।

## एक्सीडेंट से आर्मी जवान हुए घायल

**इंदौर**। एक्सीडेंट से 4 आर्मी जवानों के घायल होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि आर्मी के ट्रक की टक्कर निजी स्कूल की खड़ी हुई बस से हुई है। भेरूलाल पाटीदार कालेज के नजदीक ये हादसा हुआ है। स्कूल बस पूरी तरह से खाली थी। ट्रक में तीन से चार आर्मी के जवान मौजूद थे। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मौके पर पुलिस और आर्मी के जवान पहुंचे हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।